Title : Need to lay a new railway line on Ujjain-Aagar-Soyat-Jhalwar-Ramganj Mandi Sector.

(iii) Need to lay a new railway line on Ujjain-Aagar-Soyat-

Jhalwar-Ramganj Mandi sector

श्री थावरचंद गेहलोत (शाजापुर) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के आगर-मालवा से उज्जैन मध्य प्रदेश के बीच देश की आजादी के पूर्व से पश्चिम रेलवे मंडल रतलाम के अंतर्गत एक रेल लाइन डाली गई थी। इस रेल लाइन पर सन् 1976 तक रेल गाड़ियां चलती थीं। किंतु सन् 1976 के अंत में आपातकाल के दौरान इस रेल लाइन को उखाड़ दिया गया। जनता की मांग पर सरकार ने उज्जैन से आगर, सुंसनेर, सोयत से होकर झालावाड़-रामगंज मंडी तक नई रेल लाइन डालने के लिए सर्वे कराया। सर्वे रिपोर्ट अप्रैल 2000 से रेल मंत्रालय के पास निर्णयार्थ लंबित है। वर्तमान में इस लाइन के लिए अद्यतन सर्वे कराया जा रहा है, किंतु अभी तक इस नई रेल लाइन की स्वीकृति नहीं होने से आम जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। जनता आंदोलित है। अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि जनहित, देशहित और रेलवे के हित में इस नई रेल लाइन हेतु स्वीकृति प्रदान की जाए।

MR. SPEAKER: Shri Pankaj Choudhary − not present.

Shri Suresh Chandel